# नोटिस तक सिमटी कार्यवाही, कैसे सुरक्षित रहेगी शासकीय जमीन?

**भू-माफिया तथा दबंग पड़ रहे प्रशासन पर भारी**



**धारना कला नवभारत। जहां जिले में शासकीय जमीन को सुरक्षित करने के लिये विभागीय अधिकारियो को अनेको बार निर्देश मिल चुके है और कुछ स्थानो पर शासकीय जमीन से अवैध कब्जे तथा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी सामने आई है किन्तु बरघाट जनपद की बेशकीमती जमीन से अवैध कब्जे तथा जमीन सुरक्षित करने की कार्रवाई सिर्फ नोटिस तामिली मे जाकर सिमट कर रह गई है जिससे ऐसा प्रतीत होने लगा है की इस। मामले मे भू-माफिया तथा दबंग ही प्रशासन पर भारी पड रहे है वही दूसरी तरफ गरीबो के अतिक्रमण पर प्रशासन की सख्ती तथा कार्रवाई भी सामने आई है जिससे इंकार नही किया जा**

### प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल

उल्लेखनीय है की सिवनी बालाघाट मुख्य मार्ग पर स्थित जनपद की शासकीय जमीन का वैसे तो अनेको बार सीमांकन होने के पश्चात तहसील न्यायालय से अनेको बार नोटिस तक तामील हो चुके है किन्तु यह कार्रवाई सिर्फ सीमांकन से लेकर नोटिस तामिली तक सिमट कर रह गई जबकी जनपद की यह कीमती शासकीय जमीन पूर्व मे राजस्व रिकार्ड मे जनपद सभा सिवनी के नाम पर दर्ज थी जो समय समय जमीन को सुरक्षित करने के प्रयास जनपद अध्यक्ष सिवनी एवं सी ई ओ के द्वारा किये जा रहे थे तथा इन्ही प्रयासो के चलते जिला कलेक्टर के द्वारा तहसील न्यायालय को निर्देशित भी किया गया था किन्तु एक वर्ष पूर्व जिला कलेक्टर के निर्देश पर ही यह सिवनी बालाघाट मुख्य मार्ग से लगी जमीन अब जनपद पंचायत बरघाट के नाम पर राजस्व रिकार्ड मे दर्ज हो चुकी है किन्तु बरघाट जनपद सी ई ओ तथा जनपद अध्यक्ष के द्वारा जमीन सुरक्षित करने के प्रयास आज तक नही हुऐ जबकि जमीन को सुरक्षित करने के लिये सामान्य सभा की बैठक मे प्रस्ताव भी एक मतेन पारित हुआ है किन्तु जनपद की शासकीय जमीन को सुरक्षित करने मे प्रशासन को क्यो पसीने छूट रहे है यह समझ से परे है

### सरपंच को मिला दो लाख का ऑफर



ऐसा ही एक मामला इस क्षेत्र अच्छी खासी सुर्खिया बटोर रहा है जब एक सरपंच ने शासकीय जमीन को सुरक्षित करने के लिये भूमि खरीदी बिक्री से जुडे व्यक्ति को नोटिस तामील कर निर्माण रोक की कार्रवाई की तो सरपंच को ही आफर मिलने लगे की वह अपनी कार्रवाई रोक दे तथा निर्माण होने दे जबकि यह मामला भी शासकीय जमीन से जुडा है और सरपंच शासकीय जमीन को सुरक्षित करने के प्रयास मे लगातार कार्रवाई कर रहा है ऐसे अनेको मामले है जो बारीकी से जांच और कार्रवाई होने पर सामने आ सकते है क्या जिले की संवेदनशील जिला कलेक्टर इस ओर ध्यान देगी।

### दुर्घटनाओं का केन्द्र बन गया है यह रोड

वैसे सिवनी बालाघाट रोड वैसे तो दुर्घटना ओ का केंद्र बन गया है जो बहूत कुछ बडी दुर्घटनाऐ रोड की दुर्दशा के कारण जरूर हुई है किन्तु भीषण दुरघटनाऐ घटित होने का मुख्य कारण रोड के किनारे तक फैले अतिक्रमण भी है दुकानो का रोड के किनारे तक फैला सामान रोड के किनारे तक अवैध कब्जे भी दुर्घटना का कारण बनते जा रहे है किन्तु इस मामले मे विभागीय अधिकारी यह जरूर कहते है की रोड के निर्माण के समय अतिक्रमण अपने आप हट जायेगे किन्तु शासकीय जमीन से अतिक्रमण तथा जमीन को सुरक्षित करने के प्रयास नही जबकि जनपद की शासकीय जमीन मे सुगम काम्प्लेक्स निर्माण को लेकर अनेको बार रूपरेखा तैयार हुई किन्तु कुछ दबंगो तथा भूमाफियो के चलते यह कार्य योजना सिमटकर रह गई इसी का नतीजा है की जनपद की इस शासकीय जमीन पर अवैध कब्जे तथा अतिक्रमण के साथ साथ गंदगी का अम्बार लगा हुआ है।

### शासकीय जमीन से लगी जमीन खरीदो और धन कमाओ

यहा यह भी उल्लेखनीय है की धारनाकला कुछ भू माफिया बकायदा शासकीय जमीन से लगी खेतिहर जमीन खरीदी कर प्लाट के रूप मे भूमि का कृय विक्रय कर रहे है तथा शासकीय जमीन की आड मे भूमि की खरीदी बिक्री मे चादी पीट रहे है यही कारण है कल तक जिनके पास कुछ नही था आज वे दर्जनो जमीन और प्लाट के मालिक बन चुके है साथ ही जमीन की दर बढाने मे भी इनकी अहम भूमिका है यही कारण है आज धारनाकला जैसी जगह मे जमीन 06 हजार रूपये वर्ग फिट से 10 हजार रूपये वर्ग फिट मे बिक रही है किन्तु राजस्व रिकार्ड और शुल्क मे आज भी जमीन की दर कम आकी जाकर राजस्व शुल्क का भुगतान हो रहा है।



# चमक विहीन बताकर गेहूं खरीदी से इंकार, मुआवजा व बीमा की मांग

**सिवनी नवभारत।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के दौरान कई केंद्रों पर चमक विहीन बताकर फसल लेने से इंकार किए जाने पर किसानों में नाराजगी बढ़ गई है। जिला पंचायत सदस्य घनश्याम सनोडिया ने जनपद सदस्यों, सरपंचों और किसानों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने बताया कि कटाई के समय बेमौसम बारिश के कारण गेहूं की चमक कम हुई है, लेकिन फसल खाने योग्य है। इसके बावजूद कुछ केंद्रों पर गेहूं रिजेक्ट किया जा रहा है। साथ ही कई क्षेत्रों में खरीदी केंद्र नहीं बनाए जाने, बारदाने की कमी, स्लॉट बुकिंग में दिक्कत और रकवे के सत्यापन में गड़बड़ी जैसी समस्याएं भी सामने आई हैं।

**किया जा रहा भेदभाव**

ज्ञापन में मांग की गई है कि सभी किसानों का गेहूं बिना भेदभाव के खरीदा जाए। यदि फसल रिजेक्ट की जाती है तो प्रभावित किसानों को मुआवजा और फसल बीमा का लाभ दिया जाए। चेतावनी दी गई है कि मांगें पूरी नहीं होने पर किसानों की ओर से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की जाएगी।

## एक नजर में

### रिया ने 92 .4 प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया मान



सिवनी। जिले के ग्राम तुरिया की छात्रा रिया ने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 92 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रिया की इस सफलता को उसकी मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन का परिणाम बताया जा रहा है। रिया प्रोजेक्ट संकल्प से जुड़ी हुई है, जहां उसे निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग मिला। सीमित संसाधनों के बावजूद रिया ने कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर यह उपलब्धि हासिल की, जो अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत है। रिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और परिवार के साथ-साथ कोहका फाउंडेशन को देते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। उसने कहा कि फाउंडेशन से मिले मार्गदर्शन और सहयोग ने उसे आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस उपलब्धि पर प्रोजेक्ट संकल्प टीम ने खुशी जताते हुए कहा कि रिया की सफलता उनके लिए गर्व का विषय है।

### मिडास कोचिंग संस्था के बच्चें लाये बेहतर परिणाम



सिवनी। मिडास कोचिंग संस्था सिवनी के बच्चों ने 10वी सीबीएसई एवं मध्य प्रदेश बोर्ड की परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ परिणाम अर्जित किये है। विधिश्री झरिया का सबसे अधिक 97 .6 प्रतिशत रहा। वहीं अक्सा फातिमा ने 95 .6 प्रतिशत, सिद्धार्थ रजक 94 .8 प्रतिशत, भव्य बघेल 94 .6 प्रतिशत, योगिता राणा 93 .8 प्रतिशत, श्रेष्ठ अवधिया 93 .4 प्रतिशत ,सुनैना बघेल 90 .2 प्रतिशत ,योदेन्द्र ढकाते 90 प्रतिशत अर्जित किये। इनके साथ साथ क़रीब 25 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक पाये। वही 27 बच्चों ने लाया 75 प्रतिशत से अधिक व दूसरी तरफ़ 10वी बोर्ड में लाई। अलवीरा खान ने 96 .6 प्रतिशत और श्रेया दहरवाल ने 12वी बोर्ड में 85 .2 प्रतिशत अंक लेकर संस्था व परिवार का मान बढ़ाया है। अब मिडास सिवनी में भी शिक्षा क्रांति देखने को मिल रहा है । बता दें कि मिडास के सभी शिक्षकगण उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड से है एवं पढ़ाई का वातावरण कोचिंग में बहुत ही उत्तम माहोल है। सभी बच्चों ने मेहनत कर अपना ज़बरदस्त प्रदर्शन दिखाया और अपने माता-पिता के साथ-साथ सभी गुरुजनों का भी नाम रोशन किया है।

### शुभी साहू ने कान्हीवाड़ा का मान बढ़ाया



सिवनी। कान्हीवाड़ा ग्राम आज एक विशेष खुशी और गर्व के क्षण का अनुभव कर रहा है। यह खुशी शुभी साहू नामक एक मेधावी छात्रा की असाधारण उपलब्धि के कारण है, जिसने अपनी मेहनत और लगन से न केवल अपने परिवार, बल्कि अपने विद्यालय और पूरे ग्राम का नाम रोशन किया है। शुभी, जो कि जवाहर नवोदय विद्यालय की एक होनहार छात्रा हैं, ने हाल ही में संपन्न हुई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 96 प्रतिशत अंक हासिल कर एक शानदार मिसाल कायम की है। यह सिर्फ अंकों का खेल नहीं, बल्कि अथक परिश्रम, दृढ़ संकल्प और शिक्षा के प्रति अटूट समर्पण का परिणाम है। शुभी साहू कान्हीवाड़ा की ही निवासी हैं, और उनके माता-पिता, आशीष साहू और ज्योति साहू, अपनी बेटी की इस अद्भुत सफलता पर बेटी के लिए गर्व और खुशी साफ झलक रही है।

### एनएसयूआई ने जताया विरोध



सिवनी। राहुल गाँधी को आपत्तिजनक शब्द कहा जाना दर्शाता है कि आज के समय में सारे सरकारी संस्थान मोदी सरकार की गोद में बैठ चुके है। आज इसी लिए सच की लड़ाई लड़ने वाले हमारे नेता राहुल गाँधी जीं को अपमानित करने पर तुले हुए है। साथ ही लगातार हमारे प्रदेश के किसानों को हो रही समस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने आज भाजपा सरकार का पूतला दहन किया गया।



# तीन बच्चों का सुरक्षित जन्म हाई रिस्क प्रेगनेंसी सफल

**सिवनी नवभारत।** सिवनी जिले से बड़ी खबर सामने आई है। जिसमें सिद्धू हॉस्पिटल की टीम ने हाई रिस्क प्रेगनेंसी का सफल ऑपरेशन कर एक महिला के तीन बच्चों का सुरक्षित जन्म कराया है। सिद्धू हॉस्पिटल के संचालक डॉ. जी.एस. सिद्धू ने बताया कि जिले की केवलारी अंतर्गत ग्राम की एक महिला का अत्यंत जोखिमपूर्ण ऑपरेशन उनकी टीम द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। डॉ. सिद्धू ने बताया कि मरीज के गर्भ में तीन शिशु थे और 2 साल पहले भी सीजेरियन हो चुका था। 7वें महीने में तकलीफ होने पर टीम ने 2 माह तक गहन निगरानी रखी। और 20 अप्रैल, को इमरजेंसी सीजेरियन से तीनों बच्चों का सुरक्षित जन्म हुआ। माँ और तीनों शिशु स्वस्थ हैं। इस उपलब्धि पर टीम सिद्धू हॉस्पिटल को गर्व है। कि ऐसा चमत्कार सिवनी जिले में देखने को मिला जो बहुत कम देखने और सुनने को मिलता है इस उपलब्धि के कारण आज सिंधु हॉस्पिटल का नाम पूरे मध्य प्रदेश में सुनेंगे वहीं ऑपरेशन टीम में डॉ. एम.एस. नागले, डॉ. जी.एस. सिद्धू, डॉ. दीक्षा बिसेन, डॉ. शुभम राय, डॉ. मुकेश अहिरवार, डॉ. विनोद दहायत का योगदान रहा।

# परशुराम प्रकटोत्सव पर ब्राह्मण समाज की भव्य रैली, नरोत्तम मिश्रा व संजय शर्मा हुए शामिल



**सिवनी नवभारत।** भगवान श्री परशुराम जी के प्रकटोत्सव के अवसर पर सकल ब्राह्मण समाज द्वारा शहर में गाजे-बाजे के साथ भव्य वाहन रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ नगर के प्रसिद्ध मठ मंदिर से हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के महिला-पुरुष एवं युवा शामिल हुए।

रैली में मध्य प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, तेंदूखेड़ा के पूर्व विधायक संजय शर्मा, पूर्व सांसद एवं विधायक नीता पटेरिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

रैली मठ मंदिर से प्रारंभ होकर नेहरू रोड, शुक्रवारी, गणेश चौक एवं बरघाट रोड होते हुए डूंडा सिवनी स्थित ब्राह्मण समाज भवन पहुंची, जहां यह सभा में परिवर्तित हो गई। तत्पश्चात रैली का समापन ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी के द्वारा स्थापित नंदीकेश्वर धाम में विराजित माता राजराजेश्वरी एवं भगवान परशुराम मंदिर प्रांगण में हुआ, जहां उपस्थित प्रबुद्धजनों ने अपने विचार व्यक्त किए।

रैली में भगवान श्री परशुराम, भगवान श्रीराम एवं भगवान शिव की सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं, जिन्हें सुसज्जित रथों पर प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक संजय शर्मा ने ब्राह्मण समाज के उत्थान हेतु व्यक्तिगत रूप से 5 लाख रुपये देने की घोषणा की।


यह आयोजन जिला ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित दिलीप तिवारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गीता मनीषी पंडित जानकी वल्लभ मिश्रा, 102 वर्ष के वरिष्ठ पंडित कृपा शंकर शर्मा जी वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित बेनी शंकर शर्मा शिक्षाविद पंडित के.के. चतुर्वेदी, डॉ. एम.एम. त्रिवेदी, डॉ. एस.के. सुरोठिया, डॉ. दिनेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी महासचिव प्रशांत शुक्ला सहित नगर एवं आसपास के बरघाट, घंसौर, छपारा, गोपालगंज, कुरई सहित ग्रामीण अंचलों से आए विप्रजनों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। कार्यक्रम में विभिन्न समाज के ब्राह्मणों और समस्त नरनारियों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लेकर अपनी गौरवमई उपस्थिति प्रदान की

## 10वीं बोर्ड में 91 प्रतिशत लाकर डेजी शरणागत ने बढ़ाया जिले का मान



**सिवनी नवभारत।** जिले के लिए गर्व का क्षण तब सामने आया जब सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल की मेधावी छात्रा डेज़ी शरणागत ने मध्य प्रदेश बोर्ड की 10वीं परीक्षा में शानदार 91त्न अंक हासिल कर पूरे जिले का नाम रोशन कर दिया। छोटे से ग्राम बादलपार, तहसील कुरई और विधानसभा बरघाट की इस होनहार बेटी ने यह साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं होती। सीमित सुविधाओं के बीच डेज़ी की मेहनत, लगन और आत्मविश्वास ने सफलता की नई इबारत लिख दी। डेज़ी की इस उपलब्धि पर पुलिस कप्तान ने भी इस प्रतिभाशाली छात्रा को अपने कार्यालय में आमंत्रित कर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। यह सम्मान न केवल डेज़ी के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय बन गया। डेज़ी शरणागत जो कि अशोक शरणागत की सुपुत्री हैं, ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और शुभचिंतकों के आशीर्वाद को दिया।

# लखनादौन पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, 3 गिरफ्तार



**सिवनी नवभारत।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में गोटेगांव जिला नरसिंपुर के तीन बदमाशो को गिरफ्तार कर चोरी गया मसरूका जप्त करने में लखनादौन पुलिस ने सफलता प्राप्त की है।

राहुल राजपूत ने रिपोर्ट लेख कराया कि 09/04/26 को धूमा में ठेकेदारी का काम कर रहा था करीब शाम 05/35 बजे मुझे मेरी माँ काशी राजपूत ने फोन किया और बतायी कि घर में चोरी हो गई है फिर मैं धूमा से घर आया और देखा कि घर के चैनल गेट का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर के दरवाजे खुले हुए थे जो मैने अंदर जाकर देखा तो घर की अलमारी भी खुली हुई थी अलमारी के ड्राज में रखे नगदी 25000/-रूपये एवं 02 सोने की अंगूठी व एक जोडी कान की सोने की बाली गायब थी जो काई अज्ञात व्यक्ति मेरे सूने घर में घुस कर चोरी कर ले गया कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में टीम गठित कर अज्ञात आरोपियों की तलाश कर पतारसी की गई। संदेही सददाम उर्फ इमरान खान पिता अनवर अली उम्र 32 साल निवासी नूरी मोहल्ला गोटेगांव जिला नरसिंहपुर पर संदेह होने पर प्रकरण के संबंध में हिकमा अमली से पूछताछ करने पर दिनांक 09/04/26 को अपने दो साथी, अजीत खान पिता मजिद खान उम्र 28 साल निवासी कटकुली गोटेगांव जिला नरसिंहपुर, चंद्रप्रकाश सिलावट पिता इंदर सिलावट उम्र 22 साल निवासी ग्राम छिंदौरी गोटेगांव जिला नरसिंहपुर के साथ चोरी करना जुर्म स्वीकार किये आरोपियों से चोरी किये गये सोने-चांदी के जेवरात सोने सोने की 02 अंगूठी, 02 कान की बाली, एक चांदी का सिक्का, चांदी का चूडा व नगदी सहित कुल 75000/- रूपये जप्त किया गया। आरोपी सद्दाम आदतन बदमाश है जिसके विरूद्ध अलग अलग जिलो के विभिन्न थानो चोरी के 21 अपराध दर्ज है। आरोपी दिन के समय सूने मकानो में रैकी कर ताला तोड कर चोरी करने का आदि है। इस कार्यवाही में निरीक्षक के.पी धुर्वे, सउनि विश्वरंजन रघुवंशी, सउनि देवेन्द्र जैसवाल, आरक्षक धनेश्वर यादव, शिवम बघेल, सूरज मेहरा, दीपेश मेहरा, ओ.पी धुर्वे का योगदान रहा।

# एक रेस्क्यू ने बदली तीन जिंदगियां



**लखनादौन नवभारत।** शहर में घूम रही मानसिक रूप से अस्वस्थ गर्भवती महिला और उसकी 3 साल की बच्ची को निश्छल वेल्फेयर सोसाइटी की पहल से सुरक्षित जीवन मिला। सोशल मीडिया से जानकारी मिलने पर संगठन ने महिला बाल विकास विभाग, वन स्टॉप सेंटर और पुलिस की मदद से रेस्क्यू किया।

8 माह के गर्भ के बावजूद जोखिम उठाकर महिला को उज्जैन के आश्रम भेजा गया, जहां उसकी सुरक्षित डिलेवरी, इलाज और बच्चों की देखभाल होगी। संगठन ने बच्चों को गोद देने के बजाय महिला के इलाज को प्राथमिकता दी। रेस्क्यू को सफ़ल बनाने में पारुल जैन,प्रशांत गोल हानी,सीमा अग्रवाल,दुर्गेश गोल हानी,श्वेता तिवारी,पूजा मरावी,राम वटी दुबे नीलम त्रिवेदी ने सहयोग किया।

**लापरवाही** आगामी बारिश के मौसम में महाराणा प्रताप और हाईवे कॉलोनी वासी फिर रात भर खाली करेंगे घरों का पानी

# क्या प्रशासन की लापरवाही का खमियाजा फिर भुगतेगा महाराणा प्रताप वार्ड



**छपारा नवभारत।** विगत 13 वर्षों से हर साल बारिश के मौसम में छपारा नगर परिषद के महाराणा प्रताप वार्ड के महाराणा कॉलोनी और हाईवे कॉलोनी में मानसूनी पानी आफत बनकर आता है. जिसे लेकर स्थानीय प्रशासन से बार बार मांग करने पर विगत वर्ष नगर परिषद ने प्रपोजल बनाया और बाढ़ आपदा प्रबंधन के तहत ठेका भी दे दिया, किंतु इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के चलते अभी तक काम शुरू नहीं किया गया जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा हैं कि, इस बार की बारिश में फ़िर महाराणा प्रताप और हाईवे कॉलोनी के सैकड़ो मकान में पानी घुसना तय है।

एक दशक से अधिक समय बीतने के बाद भी हालात जस के तस लेकिन इस समस्या से निजात पाने के लिए ना तो ग्राम पंचायत से नगर परिषद बनी छपारा ने अब तक कोई ठोस उपाय नहीं ढूंढा है. जिससे इस तरह के हालात हर साल मानसून की बारिश में यहां बनते हैं. जिससे यहां रह रहे लोगों को परेशानियों और दहशत का सामना करना पड़ता है. जब घरों में पानी घुस जाता है तब स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी तमाशा बीन बनकर देखते रहते हैं. लेकिन इस समस्या के समाधान को लेकर कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए यदि किए होते थे इस तरह के हालात देखने को नहीं मिलते ।जब स्थानीय प्रशासन की उदासीनता को देखते हुए पूर्व में नगर के मीडिया कर्मियों के द्वारा पूर्व कलेक्टर संस्कृति जैन से लेकर शीतला पटले को भी जानकारी दी है. साथ ही उन्हें घरों में घुसे पानी का वीडियो भी दिखाया गया था। देखने वाली बात यह होगी कि एक दशक से अधिक समय से परेशान लोगों को क्या नवागत कलेक्टर नेहा मीणा ठोस कदम उठाकर निजात दिला पाएंगे।



### आखिर क्यों काम नहीं कर पा रही नगर परिषद

सरकार द्वारा नगर परिषद को मानसूनी बारिश और बाढ़ आपदा के लिए जो बजट दिया जाता हैं साथ ही नगर सरकार के पास अपने खुद के अधिकार के हैं कि वह कहा काम करवा सकते है या नहीं इसके बाद भी इनको शायद अपने अधिकारों का ज्ञान नहीं है, तभी तो यहां पर ठेका होने के बाद भी क्या कारण है कि नगर परिषद काम नहीं करवा पा रही यदि समय रहते काम नहीं हुआ तो तय हैं कि आगामी बारिश यहां के लोगों के लिए एक बार फिर आफत की बारिश साबित होगी। स्थानीय वार्ड वासीयो ने नगर परिषद से अपील कि है कि इस मामले पर ध्यान देते हुए समय रहते कार्य पूर्ण करवाए जिससे आगामी वर्षा ॠतु आफत की जगह राहत की हो।

# मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार : जबलपुर के नवाचार को मिली बड़ी पहचान

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए नवाचार के लिए मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार की घोषणा कर दी गई है, जिसमें संस्कारधानी जबलपुर ने अपनी सफलता का परचम लहराया है। इस गौरवशाली सूची में जबलपुर के नवाचार नवीनीकृत राजस्व अभिलेखागार एवं डिजिटल रिकॉर्ड लोकेशन प्रणाली को विशेष रूप से चुना गया है।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए जबलपुर के तत्कालीन कलेक्टर दीपक सक्सेना, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिवाली सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिवांगी जोशी और अधीक्षक श्रीमती विनीता झारिया को शासन द्वारा संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया जा रहा है। इस नवाचार को नागरिक सेवा प्रदाय, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सुशासन की श्रेणी में उत्कृष्ट माना गया है, जिसके लिए पुरस्कार स्वरूप एक लाख रुपये की राशि और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा जारी इस आदेश के तहत प्रदेश भर के कुल 9 नवाचारों को चयनित किया गया है, जिसके लिए कुल 9 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। पुरस्कारों का वितरण सिविल सर्विस डे के अवसर पर नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में किया जाएगा।

जबलपुर के अलावा आठ अन्य जिलों द्वारा भी नागरिक सेवा प्रदाय, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सुशासन में नवाचार किये हैं। जिसमें गैर वन भूमि एवं जंगल से दूरी के प्रमाण पत्र ऑनलाईन जारी करने के लिए सॉफ्टवेयर का विकास, सामुदायिक पुलिसिंग को सशक्त बनाने के लिए पुलिस चौपाल अभियान, बजट साहित्य के साथ नवाचार के रूप में वित्त विभाग द्वारा मेरा बजट पुस्तिका का प्रकाशन, विभिन्न रोचक सहायक अधिगम सामग्री के माध्यम से शिक्षण कार्य, शक्ति दीदी योजना अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को रोजगार दिलाने का कार्य, श्रम संबंधी अर्द्धन्यायिक प्रकरणों के निराकरण के लिए लेबर केसेस मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल का निर्माण, सुपर-100 योजना अंतर्गत जेईई एवं नीट परीक्षाओं में विद्यार्थियों का वृहद स्तर पर चयन तथा मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु को कम करने के संबंध में परिणाम मूलक कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार नियम 2022 के अनुसार, यह पुरस्कार राशि संबंधित टीम के सदस्यों में समान रूप से वितरित की जाएगी।